तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 21. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 8 अप्रैल 2026



पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ मनेगा आवास दिवस
2



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना परीक्षा के लिए आवेदन 17 तक

**जांजगीर-चांपा।** देश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वर्ष 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार हेतु 18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक, जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक, प्रवेश पत्र डाउनलोड की तिथि 1 मई से 9 मई तक एवं प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 10 मई को निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टर परिसर जांजगीर से प्राप्त कर सकते है।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2026-27 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 2 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी आकांक्षा कार्यक्रम ने बताया कि आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा की तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जावेगा। आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में जमा किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय के वेबसाईट से ऑनलाईन जमा किया जा सकता है।

### महिला के कब्जे से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने दबिश देकर महिला के कब्जे से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब को बरामद किया हे। थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा 7 अप्रैल को दबिश देकर सेमरिया डेरा निवासी नोनी बाई उम्र 47 साल को पकड़ा जिसके कब्जे से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 8 हजार रुपए बरामद कर आरोपियां के विरुद्ध आबकारी एक्ट तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी पामगढ निरीक्षक सावन सारथी, कृष्ण कुमार साहू, संतोष बंजारे राजेश कोसले, विजय निराला रामलाल मार्कंडेय, भुवनेश्वर पटेल, श्याम ओग्रे, विनोद मनहर का योगदान रहा।

# जुगाड़ में सरकारी स्कूल की रसोई, बांस- बल्ली के सहारे लटकती पालीथीन के नीचे बन रहा बच्चों का भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

शासन द्वारा स्कूलों में व्यवस्था बनाने पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। बावजूद इसके सरकारी स्कूलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ताजा मामला पामगढ़ ब्लाक के खरगहनी में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला का है, जहां मध्यान्ह भोजन बांस बल्ली के सहारे लटकती पालीथीन के नीचे बनाने की मजबूरी है। यहां किचन शेड के अभाव में जैसे तैसे जुगाड़ में स्कूल की रसोई चल रही है।

पामगढ़ विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला खरगहनी में मध्यान्ह भोजन योजना की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। यहां किचन शेड के अभाव में रसोइयों को बांस-बल्लियों का ढांचा खड़ा कर और उसके ऊपर पन्नी (तिरपाल) डालकर अस्थायी रसोई बनानी पडी है। इसी जुगाड़ व्यवस्था के बीच रोजाना बच्चों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा है। इस अस्थायी रसोई में न तो साफ-सफाई की उचित व्यवस्था है और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है कई बार तो धूल-मिट्टी, तेज धूप और बारिश के बीच भोजन बनाना

**पामगढ़ ब्लाक के खरगहनी प्राथमिक शाला में किचन शेड नहीं**



मुश्किल हो जाता है। हल्की हवा चलने पर पन्नी उड़ने लगती है, जबकि बरसात में पानी टपकने से खाना बनाना मुश्किल हो जाता है। ऐसी हालात में भोजन की गुणवत्ता प्रभावित होना स्वाभाविक है। स्थानीय ग्रामीणों और पालकों का कहना है कि स्कूल में लंबे समय से किचन शेड की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के साथ स्कूलों में बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हर साल लाखों करोड़ों रुपए का बजट जारी किया जाता है। मध्यान्ह भोजन संचालन के लिए स्कूलों में किचन शेड निर्माण भी अनिवार्य किया गया है। बावजूद इसके खरगहनी के शासकीय प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन बनाने किचन शेड की समुचित व्यवस्था आज तक नहीं हो सकी। ऐसी स्थिति में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाने बांस बल्ली के सहारे पालीथीन बिछाकर अस्थायी रसोई का इंतजाम किया गया है।

इस संबंध में संकुल केन्द्र प्रभारी मोतीलाल कश्यप का कहना है कि रसोई कक्ष के लिए उच्च अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया दिया गया है। साथ ही प्रधान पाठक द्वारा भी जानकारी दे दी गई है। उच्च अधिकारियों के आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नियम विरूद्ध बिक्री पर 5 सौ बोरी खाद जब्त, दर्जनों को नोटिस

# खाद बिक्री में मनमानी रोकने दूसरे दिन ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा में रबी फसल को लेकर खाद की कालाबाजारी के साथ मनमानी बिक्री पर अंकुश लगाने अफसरों की टीम ने दूसरे दिन ताबडतोड़ कार्रवाई की। संयुक्त रूप से निकली टीम ने करीब दर्जन भर संस्थानों में छापा मारा। इस दौरान खाद की जब्ती के साथ नियमों के उल्लंघन पर संचालकों को थोक में नोटिस जारी किए गए।



दुकान में कार्रवाई करने पहुंचे विभागीय टीम।

मंगलवार 7 अप्रैल को कार्रवाई करने निकली अफसरों की टीम ने नवागढ़ में मेसर्स राजेश ट्रेडर्स में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 500 बोरी सिंगल सुपर फॉस्फेट खाद को बिना पीओएस मशीन के इंद्राज के पाये जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। अफसरों ने जब्त किए खाद की बिक्री भी प्रतिबंधित की है। इसके बाद नवागढ़ में ही रेखा ट्रेडर्स नवागढ़, मेसर्स गिरिजा प्रसाद केशरवानी नवागढ़, मेसर्स रूपेश ट्रेडर्स नवागढ एवं मेसर्स लाखन केशरवानी नवागढ़ के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार के अनियमितता पाये जाने पर कारण बताओं नोटिस संबंधितों को जारी किया गया। दूसरे टीम ने अकलतरा ब्लाक के संस्थानों में छापामार कार्रवाई की। अकलतरा के निरीक्षक ने सेवा सहकारी समिति तिलई एवं सेवा सहकारी समिति तरौद में निरीक्षण के दौरान पीओएस मशीन एवं भौतिक स्टॉक का मिलान किया, जो कि सही था। इसी प्रकार मेसर्स कर्ष कृषि केन्द्र नरियरा एवं मेसर्स साहू ट्रेडर्स तागा में अनिमियता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। विकासखण्ड पामगढ़ के निरीक्षक द्वारा सेवा सहकारी समिति पकरिया का पीओएस मशीन एवं भौतिक स्टॉक मिलान नही होने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। विकासखण्ड बलौदा के निरीक्षक द्वारा मेसर्स माधो प्रसाद गुप्ता जर्वे (ब) में पीओएस मशीन एवं भौतिक स्टॉक मिलान में सही पाया गया। इसी प्रकार मेसर्स परमात्मा कृषि केन्द्र बलौदा का पीओएस मशीन एवं भौतिक स्टॉक मिलान नही होने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। मेसर्स कृष्ण कुमार तंबोली के प्रतिष्ठान में विभिन्न प्रकार के अनिमियता पाये जाने पर कारण बताओ जारी किया गया। बम्हनीडीह के निरीक्षक द्वारा मेसर्स सेवा सहकारी समिति पोडीशंकर में पीओएस मशीन एवं भौतिक स्टॉक मिलान में सही पाया गया। उल्लेखनीय है कि विभाग की टीम ने 6 अप्रैल को भी दर्जन भर संस्थानों में कार्रवाई की थी।

### विभाग द्वारा औचक निरीक्षण कर की जा रही कार्यवाही

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन एवं उप संचालक कृषि तरुण प्रधान के मार्गदर्शन में टीमों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। तहसील हसौद के मेसर्स तरुण हार्डवेयर एवं प्लाई सेंटर तथा तहसील जैजैपुर के भातमाहूल स्थित मेसर्स सक्ती आधुनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के विक्रय पर 21 दिनों के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। मालखरौदा के मेसर्स बद्रीप्रसाद साहू (मुडपार) एवं मेसर्स कमल (बीरभाठा) सहित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कलमा एवं मडवा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी क्रम में मेसर्स धनलक्ष्मी कृषि केन्द्र लवसरा के विक्रय स्थल और गोदाम का भी निरीक्षण किया गया, जहां उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत विक्रय प्रतिबंधित किया गया। कुल 7 फर्म संचालकों पर तत्काल प्रभाव से विक्रय प्रतिबंध की कार्रवाई की गई है।

# 11 सौ से अधिक वाहन चालकों पर 4 लाख 43 हजार का जुर्माना

### सक्ती यातायात पुलिस की कार्रवाई से मचा हडकंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



वाहन चालकों पर कार्रवाई करते यातायात के जवान

मार्च महीने के दौरान सक्ती जिले में यातायात पुलिस द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 1 हजार 150 वाहन चालकों से 4 लाख 43 हजार 8 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही साथ वाहन चालकों को गाड़ी चलाने के दौरान यातायात नियमों का पालन करने निर्देशित किया किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मार्च महीने के दौरान सक्ती जिले में यातायात पुलिस द्वारा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन मामले पर कार्रवाई की गई है। जिसके तहत कुल 1150 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 4, लाख 43 हजार 8 सौ रुपए समन शुल्क के रूप में वसूले गए, जो कि जिला सक्ती में अब तक की रिकॉर्ड कार्यवाही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्ती से कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। सक्ती यातायात पुलिस द्वारा रिकॉर्ड तोड़ चालानी कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत जिला सक्ती राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 पर स्थित है तथा जिले एवं आसपास के जिलों में उद्योग व कारखानों की अधिक संख्या होने के कारण यातायात का दबाव निरंतर बना रहता है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा हाईवे पर सतत एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक वाय. एन. शर्मा एवं उनकी टीम सउनि. सुरेंद्र सिंह. सउनि. लक्ष्मण महानदिया द्वारा लगातार बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी, शराब सेवन कर वाहन चलाने तथा ओवर स्पीड जैसे खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जा रही है। माह मार्च 2026 में कुल 1150 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 4 लाख तैंतालीस हजार आठ सौ रुपये समन शुल्क के रूप में वसूले गए, जो कि जिला सक्ती में अब तक की रिकॉर्ड कार्यवाही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्ती से कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इधर चालानी कार्रवाई से वाहन चालकों में हडकंप मच गया है। सक्ती पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# सामुहिक दुष्कर्म करने वाले 4 आरोपियों को 20-20 साल का सश्रम कारावास

**जांजगीर-चांपा।** सामूहिक दुष्कर्म करने वाले 4 आरोपियों को 20-20 साल का कारावास एवं 50-50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी मुकेश कुमार तिवारी ने सुनाया है।

अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार पीडिता की मां थाना चांपा में 20 मई 2025 को उपस्थित होकर लिखित शिकायत प्रस्तुत की कि वह अपने पति, बेटा व तलाकशुदा बेटी के साथ रहती है। 18 मई की सुबह करीब 11 बजे प्रार्थिया के पति के दोस्त छेदू पटेल के तीन बेटे रामकुमार पटेल, नरेन्द्र पटेल एवं मनोज पटेल व दोस्त धरम घर पर आये और उनके घर पर खाना खायेंगे बोलकर खाना बनाने लग गये। प्रार्थिया व लड़का छट्टी कार्यक्रम में शामिल होने चले गये। इस दौरान चारों युवकों ने प्रार्थिया के बेटी के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी मुकेश कुमार तिवारी ने मामले की सुनवाई करते हुए चारों आरोपियों को दोषी पाया। आरोपी रामकुमार पटेल, नरेन्द्र पटेल, मनोज पटेल व धरम सिंह चौहान को धारा 70 (1) के तहत 20-20 वर्ष सश्रम कारावास व 50-50 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर 1- 1 वर्ष सश्रम कारावास पृथक से भुगतने का आदेश जारी किया गया।

# मनरेगा कार्य में फर्जीवाड़ा, मस्टररोल में चढ़ा रहे रिश्तेदारों के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत लखुर्री में चल रहे मनरेगा कार्य में जमकर फर्जी वाड़ा होने की जानकारियां सामने आ रही है। बताया जाता है कि इस कार्य में जरूरतमंद मजदूरों के बजाय सरपंच अपने ही परिवार के सदस्यों के नाम पर फर्जी हाजिरी भरकर सरकारी राशि का बंदरबांट कर रहे हैं।

बताया जा रहा है की बिना कार्य किये सरपंच अपने भाई भतीजा का नाम मास्टर रोल में चढ़वा कर शासकीय राशि का बंदरबांट क ररहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों में सरपंच के सगे संबंधी, जो कि धरातल पर काम नहीं कर रहे हैं, उनके नाम मास्टर रोल में दर्ज कर हाजिरी चढ़ाई जा रही है। मनरेगा के कार्यों की मॉनिटरिंग और हाजिरी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी रोजगार सहायक की होती है, लेकिन लखुर्री में सरपंच और रोजगार सहायक की कथित मिलीभगत ने इस योजना को 'पारिवारिक लाभ योजना' में तब्दील कर दिया है। ग्राम पंचायत लखुर्री के पनखथिया तालाब गहरी करण के नाम से हो रहे भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनपद पंचायत सीईओ से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग है।



**की जाएगी कार्रवाई**

अगर बिना कार्य के हाजरी भरा जा रहा है तो, जांच करा कर कार्यवाही की जाएगी।

-सुश्री प्रज्ञा यादव,
सीईओ
जनपद पंचायत बम्हनीडीह

### वेतनवृद्धि की मांग को लेकर गेट के पास बैठे धरने पर

# आरकेएम पॉवर प्लांट के कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के डभरा ब्लाक अंतर्गत उच्चपिण्डा में संचालित आरकेएम पॉवर प्लांट के कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दरअसल प्रबंधन द्वारा वेतनवृद्धि नहीं किए जाने से क्षुब्ध ठेका कर्मचारियों ने आंदोलन का रूख अपनाते हुए गेट के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वे अपनी मांगों को लेकर पूरे दिन गेट के सामने बैठे रहे।

डभरा ब्लाक अंतर्गत उच्चपिण्डा में संचालित आरकेएम पॉवर प्लांट में कार्यरत ठेका कर्मचारियों ने वेतनवृद्धि की मांग को लेकर प्रबंधन के समक्ष अपनी बातें रखी थी। उन्होंने आवेदन देकर कर्मचारियों की परिस्थितियों के हवाले देते हुए बढ़ती महंगाई से होने वाली परेशानियों का उल्लेख किया था। साथ ही शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप पॉवर प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों की वेतनवृद्धि करने की मांगें रखी थी, लेकिन जिम्मेदार प्रबंधन ने उनके आवेदन पर किसी प्रकार पहल नहीं की। ऐसे स्थिति में प्रबंधन के अडियल रवैये से क्षुब्ध कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया। मंगलवार 7 अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे से ही कर्मचारी मुख्य गेट के सामने जुटने लगे। कुछ ही देर में उनकी संख्या बढ़ गई और उन्होंने एकजुट होकर पॉवर प्लांट के गेट के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आंदोलन दिन भर चला। आंदोलनरत ठेका कर्मचारी अपनी वेतनवृद्धि मांग कर रहे है। आरकेएम पॉवर प्लांट में कार्यरत ठेका कर्मचारियों ने वेतनवृद्धि की मांग को लेकर प्रबंधन के समक्ष अपनी बातें रखी। उन्होंने आवेदन देकर कर्मचारियों की परिस्थितियों के हवाले देते हुए बढ़ती महंगाई से होने वाली परेशानियों का उल्लेख किया था। उनका कहना है कि इस दिशा में प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल की जानी चाहिए, लेकिन प्रबंधन की मनमानी के चलते कर्मचारियों को आंदोलन का रूख अख्तियार करना पड़ रहा है।



गेट के सामने धरना प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप



### छिंदपुर में क्षत्रिय राठौर समाज की आयोजित हुई संगोष्ठी

**कोरबा।** क्षत्रिय राठौर समाज के 84 गंवा की सामाजिक बैठक पुण्य प्रताप सिंह राठौर के निजी निवास दीक्षा भवन में रविवार को संपन्न हुई जिसमें 84 गांव के राठौर प्रतिनिधि संगोष्ठी में शामिल होकर कतिपय लोगों द्वारा असंवैधानिक ढंग से गठित संगठन को नियम विरुद्ध करार देते हुए एक स्वर में एक सिरे से खारिज कर दिया उपस्थित सभी लोगों ने प्रांतीय संगठन के तुगलकी फरमान और शाही फतवा की निंदा करते हुए संगठन को असंवैधानिक बताया तथा उसे राठौर समाज का संगठन मानने से एकराय से सभी लोगों ने इनकार कर दिया संगोष्ठी में समाज में व्याप्त कुरीतियों पर भी चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से शादी समारोह में बारातियों द्वारा नशापन डीजे की अश्लील धुन पर फूहड़ डांस वर पक्ष द्वारा कन्या पक्ष के लोगों को अपनी सुविधा अनुसार मनमानी स्थान पर बुलाकर विवाह करवाना और अपने असीमित रिश्तेदारों एवं मित्रों को भोज पर आमंत्रित करना विवाह के उपरांत शीघ्र ही संबंध विच्छेद प्री वेडिंग शूट दहेज प्रथा मृत्यु भोज पर पाबंदी छठी कार्यक्रम को समय पर न करवाना जैसे अन्य ज्वलंत सामाजिक समस्याओं पर चर्चा उपरांत सामाजिक संगोष्ठी को प्रत्येक माह क्षेत्र वार आयोजित करने के पश्चात केंद्रीय स्तर पर सामाजिक संगठन का ढांचा तैयार किया जाएगा। बैठक का मुख्य अंश लगभग तथाकथित सामाजिक संगठन जो विगत जनवरी माह में लोकतांत्रिक ढंग से गठित किया गया था उस संगठन के अस्तित्व को समाज द्वारा खारिज किया गया।

### पार्षद कार्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर वार्ड 43 स्थित पार्षद कार्यालय में ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष डीलेंद्र यादव, जय राठौर, संजय साहू, पवन यादव, ज्योति सिंह परिहार, संजय साहू, रेणु प्रसाद, राजा शर्मा, अश्वनी चंद्रा, आरए नारायण, जयप्रकाश भारद्वाज, राकेश सोनी, मंगल राम बंदे, हेमलता निर्मलकर, नारायणी दुबे, किशोर कुमार दुबे, जीतू हजारीका, प्रकाश ठाकुर, सागर कश्यप, सत्येंद्र साहू, लखन लाल चंद्रा, राकेश पांडे, देवेंद्र पाठक, सुमित्रा पेगु, शकुंतला ठाकुर, मनजीत कौर, मुकेश शुक्ला, कृष्णा सोनी, सावित्री जायसवाल, सुनीता साहू, सुनीता उपाध्याय, बोधिन राठौर, रश्मि सोनी, जीवनलाल महंत उपस्थित रहे।

### अजगरबहार मंडल में कांग्रेस की बैठक बूथ स्तर कमेटी गठन पर हुई चर्चा

**कोरबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत मंडल अजगरबहार में 5 अप्रैल को मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मंडल अध्यक्ष लखन सिंह तंवर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें विधायक प्रतिनिधि गोपालदास महंत विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान बूथ स्तर से लेकर पंचायत एवं वार्ड स्तर तक कांग्रेस कमेटियों के गठन पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित सेक्टर अध्यक्षों एवं मंडल के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ते हुए संगठन का विस्तार करें। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत होती है। इसलिए हर बूथ पर सक्रिय टीम का गठन आवश्यक है, जिससे आम जनता की समस्याओं को सीधे पार्टी तक पहुंचाया जा सके और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# महापौर ने 138 हितग्राहियों को प्रदान किया आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम कार्यालय साकेत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 मोर जमीन-मोरी मकान बी.एल.सी. घटक के 138 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति पत्र प्रदान किया। महापौर श्रीमती राजपूत ने हितग्राहियों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा समयसीमा में मकानों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर निर्माण कार्य पूर्ण करने की सलाह हितग्राहियों को दी।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मोर जमीन-मोर मकान बी.एल.सी. घटक अंतर्गत नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 3582 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। निगम के सभा कक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने 138 हितग्राहियों को आवासगृहों के स्वीकृति पत्र व भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने हितग्राहियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के परिणाम स्वरूप देश के करोड़ों लोगों को पक्के मकान मिल चुके हैं तथा करोड़ों लोगों को आगे भी पक्के व सर्वसुविधायुक्त मकान मिलेंगे, जिससे देश का कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा, जिसके पास अपना खुद का पक्का मकान न हों। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ-साथ विशेष रूप से गरीब, निर्धन व आर्थिक रूप से पिछडे. लोगों के उत्थान के लिए दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की हैं, इन योजनाओं का लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है। महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सत्ता की बागडोर संभालते ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी थी, उन्हें साधुवाद है कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के अंतर्गत 32850 रूपये की अतिरिक्त राशि ऐसे हितग्राहियों को दी जा रही है, जिनके द्वारा 18 माह के अंदर भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जावेगा। उन्होने हितग्राहियों से कहा कि आप किसी की बातों से भ्रमित न हो, यदि आपसे कोई रूपये पैसे की मांग करता है और किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी बातों में आए बिना तुरंत अपने वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारियों से संपर्क करें, आपके वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारी आपका पूरा सहयोग करेंगे, आप समय-समय पर अपनी समस्याएं उन्हें अवश्य बताएं।

### मोर जमीन मोर मकान बीएलसी घटक

**खास बात**

- वर्तमान में 3582 हितग्राहियों को स्वीकृत हुए आवास



### मकान निर्माण हेतु मिलेंगे ढाई लाख रूपए

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत हितग्राहियों को आवासगृह निर्माण हेतु शासन से 2 लाख 50 हजार रूपये की राशि प्राप्त होगी, जो चार किश्तों में दी जाएगी, प्रथम किश्त में 63 हजार रूपये, द्वितीय किश्त में 87 हजार रूपये, तृतीय किश्त में 65 हजार रूपये एवं चतुर्थ किश्त में 35 हजार रूपये की राशि हितग्राहियों को प्राप्त होगी। उन्होने बताया कि इसके अतिरिक्त 18 माह के अंदर उनके द्वारा आवासगृह का निर्माण पूर्ण कर लेने पर छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजनांतर्गत 32850 रूपये की अतिरिक्त राशि भी हितग्राहियों का मिलेगी।

## नए वित्तीय वर्ष से सरकार ने जारी किया आदेश

# स्टाम्प वेंडर के लिए नए लाइसेंस जारी करने पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्टांप वेंडर के लिए नए लाइसेंस जारी करने पर रोक लगाए जाने के बाद नए वित्तीय वर्ष से अब किसी भी वेंडर को स्टांप के लिए नए लाइसेंस नहीं दिए जाएंगे। वहीं पुराने स्टांप वेंडर के लाइसेंस नवीनीकरण के लिए उनके दस्तावेज की जांच पड़ताल के बाद नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उक्त आदेश आने के बाद स्टांप वेंडर के कतार में लगे लोगों में मायूसी छा गई है।

स्टांप की बिक्री को लेकर लगातार शिकायतें आने के बाद भारत सरकार ने खरीदी बिक्री को लेकर नए नियम भी बनाए थे। उसके तहत स्टांप वेंडर लाइसेंस लेने वालों की शैक्षणिक योग्यता सहित अन्य रिकार्ड का सत्यापन कराया जाता था। वहीं पूर्व में जारी किए गए स्टांप वेंडर के लाइसेंस धारकों द्वारा तय कीमत से ज्यादा दर पर स्टांप की बिक्री की जाती थी। यहां तक कि 10 रुपए के स्टांप, 15 और 20 रुपए के स्टांप 25 रुपए में मिला करते थे। शहर में जिले के सभी तहसील कार्यालयों में सीएसई सेंटर चलाने वाले लोगों ने भी स्टांप वेंडर का लाइसेंस लिया हुआ था। जिनके द्वारा तय कीमत से ज्यादा दर पर स्टांप की बिक्री की जाती थी। स्थानीय स्तर पर शिकायत मिलने के बाद हुई छापामार कार्रवाई के बाद शिकायतों की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई भी हुई थी। अब नए स्टांप के लिए लाइलेंस लेना आसान नहीं है। एक अप्रैल से नए लाइसेंस जारी करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। वहीं पुराने स्टांप वेंडर के लाइलेंस नवीनीकरण भी आसानी से नहीं होगी। आम लोग स्टांप की कालाबाजारी से परेशान हो चुके थे। पिछले कुछ वर्षों से स्टांप वेंडरों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हुई थी।

**खास बात**

- तय कीमत से अधिक दर पर बेचे जा रहे थे स्टांप



### ट्रेजरी से जारी होते हैं स्टांप

स्टांप वेंडर के लाइसेंस जिला पंजीयक विभाग के द्वारा जारी किया जाता है। लेकिन उन्हें स्टांप देने का काम कोषालय विभाग द्वारा किया जाता है। जिसके लिए स्टांप वेंडर को एक निश्चित शुल्क पटानी पड़ती है। और वह भी स्टांप वेंडर के मांग के अनुसार ही स्टांप देने का काम किया जाता है। कभी कभार स्टांप नहीं आने की वजह से तकनीकी परेशानियों का सामना स्टांप वेंडरों को करना पड़ता है।

### सभी जगह दी गई है ई-स्टांप की सुविधा

जिले में तहसील कार्यालयों में ई स्टांप की सुविधा दी गई है। इसके अलावा अन्य स्थानों में भी ई स्टांप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कई बार सरवर डाउन रहने के कारण आम लोगों को ई स्टांप लेने में कठिनाइयां होती हैं। जिसके कारण आम लोग पूर्व की तरह सामान्य स्टांप लेने के लिए मजबूर हो जाते हैं। जिले के कोरबा, कटघोरा और हरदीबाजार म तहसील में ई स्टांप की सुविधा दी गई है।

### 3 साल से नहीं दिया गया लाइसेंस

कोरबा जिले में पिछले 3 साल से किसी भी नए स्टांप वेंडर को लाइलेंस जारी नहीं किया गया है। आने वाले समय में प्रक्रिया में होने वाले बदलाव को देखते हुए लाइसेंस नहीं जारी किया जाएगा।

**-चित्रसेन पटेल,** प्रभारी पंजीयक, कोरबा

# अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- जिले के विभिन्न थाना चौकी क्षेत्र में घटना आयी सामने

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के नवापारा की है। बताया जाता है कि यहां निवासरत श्रीमती मीना कुमारी 29 वर्ष पति महेंद्र कंवर का दो साल पहले ही शादी हुई थी। बताया जाता है कि शादी से पहले मीना कंवर की तबीयत खराब रहती थी और जिसका इलाज स्थानीय स्तर पर किया जा रहा था। बताया जाता है कि मीना अपने घर के बाड़ी में दिशा मैदान के लिए गई थी। जहां अचानक गश खाकर गिर गई थी जिसके बाद परिजनों ने मीना को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया था। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था। मीना की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं मौत की दूसरी घटना बलौदा की है। बताया जाता कि संतोष कुमार पिता भूखन उम्र 44 वर्ष घर में अचानक चक्कर खाकर गिर गया था परिजनों ने इसे भी उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत घोषित कर दिया। मौत की तीसरी घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत कोहड़िया बस्ती में घटित हुई है यहां निवासरत प्रमोद कौशल उम्र 38 वर्ष पिता राम सनेही कौशल की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं चौथी घटना कुसमुंडा थाना में घटित हुई है। रामपुर करतला निवासी नरेश चौहान उम्र 30 के रूप में हुई। नरेश चौहान बरपाली में मनीराम खरे के मकान में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था। रविवार को वह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। नरेश ने गांव से कुछ दूर पर एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने चारों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ मनेगा आवास दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन के निर्देशों के अनुपालन में 7 अप्रैल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव के साथ-साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं आजीविका संवर्धन से जुड़ी विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों को गति देने पर विशेष जोर दिया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया है कि आयोजन के पूर्व ग्राम पंचायत, विकासखंड स्तर पर लंबित समस्याओं एवं विषयों का निराकरण सुनिश्चित करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित अन्य आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत शत-प्रतिशत आवासों को अधिकतम 90 दिनों में पूर्ण कराने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। हितग्राहियों को अब तक प्राप्त राशि की जानकारी दी जाएगी तथा उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही, हितग्राहियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा मांग आधारित नए कार्य प्रारंभ करने पर चर्चा की जाएगी। मोर-गांव-मोर-पानी के तहत संचालित नवा तरिया – आय के जरिया अभियान में सभी सीएलएफ के लिए नवा तरिया निर्माण हेतु उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन कर दो माह के भीतर कार्य पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाई जाएगी। कार्य प्रारंभ एवं प्रगति के दौरान जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा स्लोगन, नारे एवं जिंगल के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।




# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक में तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत जेजंरा बायपास मार्ग का है, जहां एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मोटर साइकिल क्रमांक सीजी बीयू 1936 में सवार होकर दो युवक कटघोरा हुंकरा की ओर से मुड़ाभाटा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अंबिकापुर की दिशा से कोयला लोड एक तेज रफ्तार ट्रक जेंजरा की ओर जा रहा था। मुड़ाभाटा बायपास स्थित पुलिया के मोड़ के पास अचानक ट्रक और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में एक युवक ग्राम घुंचापुर निवासी कृष्णा दास और दूसरा ग्राम साखो का निवासी बिहारी यादव बताया जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि फिलहाल दोनों युवकों को पुख्ता शिनाख्ती नहीं हो पायी है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा,**
**जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
चांपा, दिनांक 23/3/2026
**ईश्तहार/उद्घोषणा**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :- आवेदक रविश देवांगन पिता स्व. सत्यनारायण देवांगन निवासी चांपा निवासी देवांगन पारा चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. द्वारा चांपा स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 05 डी भू-खण्ड 100/1 क्षेत्रफल 48 वर्गमीटर भूमि/मकान स्थित है, जो सत्यनारायण देवांगन पिता स्व. बिसाहू लाल के नाम से नजूल रिकार्ड में दर्ज है। जिसे आवेदक के पिता सत्यनारायण देवांगन ने दिनांक 16.01.2026 (इच्छा पत्र) निष्पादित किया था। वर्तमान में आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 06.02.2026 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत (इच्छा पत्र) के आधार पर आवेदक ने अपने नाम पर नामांतरण करने सहपत्रों आवेदन पत्र धारा 109, 110 अंतर्गत सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति/दावा हो तो वे अपना दस्तावेजी आपत्ति/ दावा दिनांक 9/4/2026 तक इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 23/3/2026 को जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**चांपा**

## भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस, दीनदयाल कुंज बना उत्सव का केंद्र

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए पार्टी के नेताओं ने जारी रखा संघर्ष : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। इससे पूर्व पार्टी के नेता भारतीय जनसंघ के रूप में कार्यरत थे, जिसकी स्थापना अक्टूबर 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा की गई थी। जनसंघ को आगे बढ़ाने में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी एवं लालकृष्ण आडवाणी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लागू कर विपक्षी नेताओं को जेल भेजा गया, लेकिन लोकतंत्र की रक्षा के लिए पार्टी के नेताओं ने संघर्ष जारी रखा।

उक्त बातें उद्योग व आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने सोमवार को भाजपा जिला मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कही। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद गोष्ठी आयोजित कर पार्टी के विचारों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उद्योग व आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर संजू देवी राजपूत, सह संभाग प्रभारी रायपुर डॉ. राजीव सिंह, जिला महामंत्री संजय शर्मा व अजय विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन एवं वरिष्ठ नेत्री ज्योति वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला मुख्यालय को आकर्षक झालरों, रंगोली एवं दीप से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय माहौल में नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी एवं महापौर संजू देवी राजपूत ने भाजपा की विचारधारा, गौरवशाली इतिहास और केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को जनसेवा के लिए प्रेरित किया। भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में पार्टी का ध्वज फहराएं।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री लखन देवांगन व मंच में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी।

जाँजगीर मार्केट

**फर्नीचर एवं डोर**
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

**सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार**
आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल, सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान
नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे
विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान
**सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग**
नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बड़ौदा के बाजू मे
प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# अक्षय-राजपाल ने लूटा मजमा असरानी को देख लोग भावुक

**मुंबई।** अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी पूरे 14 साल बाद लौट आई है 'भूत बंगला' के साथ। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही फैंस में जैसे खुशी दौड़ गई हो। भूत बंगला, में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव, जीशु सेनगुप्ता और मिथिला पालकर नजर आएंगे। एक जबरदस्त कहानी और सुपर फनी मोमेंट्स के साथ यह ट्रेलर असली लाफ्टर रायट है। अक्षय कुमार, परेश रावल और राजपाल यादव की 'गोल्डन तिकड़ी' के साथ असरानी के कॉमेडी के तड़के ने इस ट्रेलर से सबका दिल जीत लिया है और खूब हंसाया भी है। जहां 'भूत बंगला' के टीजर ने सिर्फ माहौल बनाया था।

लाइफ Style

# सारा

## धुरंधर 2 की टीम के प्रति जताया आभार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'धुरंधर 2' की कामयाबी से आदित्य धर के साथ उनकी पत्नी यामी गौतम भी खुश हैं। उन्होंने धुरंधर 2 की लीड एक्ट्रेस सारा अर्जुन की तारीफ की है। उन्होंने युवा अभिनेत्री के अभिनय और लगन की जमकर सराहना की है।

सारा अर्जुन ने धुरंधर 2 में बेहतरीन काम करने के लिए पूरी टीम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। हाल ही में सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म के सेट के पीछे की तस्वीरें शेयर की। एक लंबे नोट में, उन्होंने आदित्य धर, प्रोडक्शन हाउस, कॉस्ट्यूम डिजाइनरों, कास्टिंग डायरेक्टर, एडिटर, सिनेमैटोग्राफर और फिल्म पर काम करने वाले हर व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपनी पोस्ट का समापन इन शब्दों के साथ किया, 'एक्टर पोस्टर पर दिखने वाले चेहरे होते हैं, लेकिन आप इस सिनेमा की रीढ़ हैं। धुरंधर की पूरी टीम का धन्यवाद।' इस पोस्ट पर यामी गौतम ने कमेंट किया। उन्होंने सारा की तारीफ की। उन्होंने लिखा 'तुम ही आज और कल हो, सारा... तुमने जो किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।' इस पोस्ट पर सारा अर्जुन ने रिप्लाई करते हुए लिखा 'आभार जताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।' सारा की पोस्ट पर कमेंट करते हुए आदित्य धर ने लिखा 'जिस तरह से आप चीजों को महसूस करती हैं, उसमें एक हिम्मत है। जिस तरह से आप दुनिया को दिखाती हैं, उसमें गरिमा है।



हॉलीवुड मसाला



# मास्टर्स ऑफ... का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** द मोस्ट पावरफुल मैन इन द यूनिवर्स, ही-मैन, मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का धमाकेदार नया ट्रेलर पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो गया है। कई महीनों की उम्मीद और फैंस को टीज़ करने के बाद, अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज़ ने आखिरकार मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का नया ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है, जो पॉप कल्चर की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक को भव्य अंदाज़ में बड़े पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रैविस नाइट द्वारा निर्देशित, यह फिल्म इस आइकॉनिक कहानी को एक लाइव-एक्शन साइ-फाई एक्शन एडवेंचर के रूप में फिर से पेश करती है।



# जापान में होगा क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स का आयोजन

**लॉस एंजिल्स।** 'क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन 23 मई को जापान के टोक्यो में होने वाला है। यह दसवां वार्षिक समारोह है। इसमें दुनियाभर की कई जानी मानी हस्तियां शामिल होंगी। इसी के साथ भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इसमें प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। इस अवॉर्ड की अलग-अलग कैटेगरी में दुनियाभर की कई फिल्मों और सीरीज को नामांकन मिला है। 'गाचियाकुटा', 'द रोज ऑफ वर्साय' और 'समर हिकारू डाइड' को नामांकन मिला है। विजेताओं का ऐलान 23 मई को किया जाएगा। इन अवॉर्ड्स के दसवें एडिशन में एनीमे ऑफ द ईयर के नॉमिनीज में डैन डा डैन' सीजन 2, गाचियाकुटा, 'माई हीरो एकेडेमिया, टाकोपीज ओरिजिनल सिन, द अपॉथेकरी डायरीज' सीजन 2 और द समर हिकारू डाइड शामिल हैं।



# शेयर किया अपनी फिटनेस सीक्रेट

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा 52 साल की हो चुकी हैं, लेकिन उनकी फिटनेस कमाल की है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना फिटनेस सीक्रेट फैंस के साथ शेयर किया है। मलाइका अरोड़ा फिटनेस को लेकर काफी सीरियस रहती हैं। इसके लिए वह काफी मेहनत भी करती हैं। मलाइका अरोड़ा हाल ही में सोफी चौधरी के फिटनेस शो 'फेमसली फिट विद सोफी' में नजर आईं। दोनो ने जिम में खूब एक्सरसाइज की। साथ ही फिटनेस को लेकर बातचीत भी की है। वह बताती हैं कि अपनी बॉडी की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही प्रैक्टिकल होकर फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए। मलाइका कहती हैं, बस इसे एक बैज की तरह पहनें। ग्रेसफुली उम्र को बढ़ने दें। इसमें ज्यादा न उलझें। यह तो बस एक नंबर है। आप किसी भी उम्र के हों, चाहे 20 के या 60 के, आप कमाल के हैं।



# 84 की उम्र में कसरत करते आए नजर

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता रंजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रंजीत 84 साल की उम्र में भी जिम में जमकर कसरत करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को खुद रंजीत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इसमें उनकी बेटी, जो उनकी जिम ट्रेनर भी हैं, उन्हें एक्सरसाइज करने के लिए प्रोत्साहित करती नजर आ रही हैं। शुरू में रंजीत को एक्सरसाइज सही से करने में थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन तब उनकी बेटी ने मजाकिया अंदाज में उन्हें पुरानी फिल्मों की याद दिलाती हैं, तब रंजीत जोश में आ जाते हैं। रंजीत की बेटी कहती हैं कि फिल्मों में वे खलनायक बनकर नायिकाओं को कैसे पकड़ते थे। यह सुनते ही रंजीत हंस पड़े। और बोले, 'तो ऐसे बोलो ना।' फिर रंजीत पूरी एनर्जी के साथ, अपने पुराने बॉलीवुड स्टाइल में एक्सरसाइज करने लगते हैं।

टीवी मसाला



# इटली की पॉपुलर सीरीज पर बना है नया शो 'हुई गुम यादें'

**नई दिल्ली।** सोनी सब का नया शो 'हुई गुम यादें – एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियां' 6 अप्रैल रात 8 बजे से हो गया है। यह सीरीज, विश्वभर में सराही गई इटैलियन ड्रामा डीओसी (डॉक)- नेल्ले तुए मानी से रूपांतरित है और भारतीय दर्शकों के लिए लेकर आ रही है एक दिल छू लेने वाली कहानी – हिम्मत, नए सिरे से जीने की कोशिश और ज़िंदगी में मिलने वाले दूसरे मौकों की ताक़त की। इस शो में मशहूर कलाकार इकबाल खान, गुलकी जोशी और सृष्टि सिंह नजर आएंगे। यादें का सफ़र एक संवेदनशील मेडिकल पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां एक डॉक्टर अपने अतीत से जूझते हुए अपनी पहचान और मक़सद को फिर से खोजने की कोशिश करता है। कहानी के केंद्र में है डॉ. देव मेहता, जिसे इक़बाल खान निभा रहे हैं। देव एक बेहद होनहार डॉक्टर है, जिसकी ज़िंदगी एक हादसे के बाद पूरी तरह बदल जाती है। इस हादसे में उसकी आठ साल की यादें मिट जाती हैं। अपने अतीत और बनाई हुई ज़िंदगी से वंचित, देव को अब अनजाने रास्तों पर चलना पड़ता है और उस शख़्सियत का सामना करना पड़ता है जिसे वह खुद भी याद नहीं कर पाता. इसके बाद शुरू होती है एक गहरी और भावनात्मक यात्रा – जहां देव अपने करियर को फिर से संवारता है, टूटे रिश्तों को जोड़ने की कोशिश करता है और डॉक्टर होने के साथ-साथ इंसानियत को और ज़्यादा अपनाता है। यह सफ़र उसे ज़िंदगी और इलाज दोनों को नए नज़रिए से देखने की ताक़त देता है।

## 90 के दशक में दूरदर्शन पर पॉपुलर था ये शो

**नई दिल्ली।** आज सोशल मीडिया के जमाने में किसी शो की पॉपुलैरिटी लाइक, शेयर और कमेंट से मापी जाती है, लेकिन 90 के दशक में



कहानी बिल्कुल अलग थी। उस समय दर्शकों का प्यार कागज पर उतरता था और पोस्टकार्ड के जरिए टीवी तक पहुंचता था। लोग अपने पसंदीदा शो में नाम दिखाने के लिए उत्साह से चिट्ठियां भेजते थे। उसी दौर में एक ऐसा शो आया, जिसने दर्शकों की दीवानगी का ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जिसे आज भी याद किया जाता है। हम बात कर रहे हैं सुरभि की, जिसे सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे होस्ट करते थे। एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ काक ने बताया कि शुरुआत में शो को सामान्य रिस्पॉन्स मिला। पहले कुछ महीनों में सिर्फ 10 से 200 तक चिट्ठियां आती थीं।

# चांद मेरा दिल की पहली झलक आई सामने, इश्क में डूबे लक्ष्य-अनन्या

**मुंबई।** एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे की आगामी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की पहली झलक सामने आई है। दोनों सितारे एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आ रहे हैं। यह एक इंटेंस लव स्टोरी फिल्म है। एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे को लेकर करण जौहर 'चांद मेरा दिल' बना रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोमवार को इस फिल्म की पहली झलक साझा की है। बीते दिन उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी थी कि वे आरव (लक्ष्य) और चांदनी (अनन्या पांडे) से मिलवाएंगे। सोमवार को उन्होंने फिल्म के पोस्टर्स रिलीज किए हैं, साथ ही कहानी की थोड़ी झलक भी दी है। लक्ष्य और अनन्या रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं। हर पोस्टर पर फिल्म की कहानी का मर्म लिखा है। इसमें लिखा है, 'प्यार में पड़ना आसान है। आगे बढ़ना मुश्किल है। जिंदगी जब सिलेबस बदल देती है। जब जिंदगी प्यार से भी तेज भागती है। हर मोहब्बत को दूसरा मौका नहीं मिलता'। 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों में 22 मई को रिलीज होगी।



पोस्टर्स पर नेटिजंस रिएक्ट कर रहे हैं। एक दिन पहले जिस अंदाज में एलान किया गया था, उसके हिसाब से अधिकांश यूजर्स टीजर की उम्मीद लगाए बैठे थे। यूजर्स लिख रहे हैं, 'टीजर कब आएगा'? पोस्टर्स को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। लक्ष्य को नेटिजंस सकारात्मक रिएक्शन दे रहे हैं, वहीं अनन्या को ट्रोल किया जा रहा है। इतना ही नहीं, यूजर्स लक्ष्य को सुझाव दे रहे हैं कि वे अनन्या से दूर रहें। कुछ यूजर्स फिल्म के प्रति उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

# *83 की उम्र में भी एक्टिव हैं बिग बी, इन फिल्मों से सिनेमाघरों में मचाएंगे धूम...*

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 83 साल की उम्र में भी फिल्मों में सक्रिय हैं। 2026 और 2027 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। ये फिल्में अलग-अलग जॉनर की हैं, जिसमें साइंस फिक्शन, थ्रिलर, कोर्टरूम ड्रामा और मिथोलॉजिकल फिल्में शामिल हैं। 200 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके अमिताभ बच्चन का फिल्मी कॅरियर 83 की उम्र में भी जारी है। अमिताभ इस उम्र में भी इतनी मेहनत करते हैं कि फैंस हैरान हैं। इसके बावजूद उनका कहना है कि वह एक दिन भी काम न करें तो बोर जो जाते हैं। जबकि बिग बी 2026 और 2027 की कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

**कल्कि 2 :** 'कल्कि 2' 2024 की साइंस-फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल है। 'कल्कि 2' में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रोल में वापसी करेंगे। इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स हैं। यह भविष्य और मिथोलॉजी को मिलाकर बनी एक साइंस फिक्शन फिल्म है। यह फिल्म इस साल रिलीज हो सकती है। हाल ही में बिग ने 'कल्कि 2' की शूटिंग खत्म होने को लेकर एक पोस्ट एक्स पर शेयर किया था।

**ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव :** 'ब्रह्मास्त्र पहला भाग-शिवा' की दूसरी किस्त 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव' है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने एक गुरु की भूमिका निभाई है। यह मिस्टिकल और एक्शन से भरी फिल्म है। 'ब्रह्मास्त्र' हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली और दिव्य अस्त्र 'ब्रह्मास्त्र' पर आधारित है। इस फिल्म में बिग बी के अलावा रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी अपनी भूमिका को दोहराएंगे।



**सेक्शन 84 :** सेक्शन 84 एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है। अमिताभ बच्चन इसमें एक मजबूत और गंभीर किरदार निभा रहे हैं। कहानी कानून, न्याय और इमोशंस पर आधारित है। यह फिल्म 19 नवंबर को रिलीज हो सकती है। रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में निमरत कौर, अभिषेक बनर्जी और डायना पेंटी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**रामायण: पार्ट 1 :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमिताभ बच्चन फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' में जटायु का वॉइसओवर या फिर रोल में नजर आएंगे। हालांकि, इस बात की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होगी। 'रामायण: पार्ट 1' में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, सनी देओल और यश मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अगर बिग बी 'रामायण: पार्ट 1' में नजर आते हैं, तो वह 'रामायण: पार्ट 2' का हिस्सा भी होंगे, जो दिवाली 2027 में रिलीज होगी।

## दर्शकों को घर बैठे मिलेगा एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज

# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

***नई दिल्ली।*** *सिनेमाघरों में इस वीक डकैत रिलीज होने जा रही है। वहीं, ओटीटी पर भी कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं। सोमवार से एक नए वीक की शुरुआत हो चुकी है। थिएटर्स में 'धुरंधर 2' की धूम मची है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होने जा रही हैं। मगर, जिन्हें घर बैठे ओटीटी पर कुछ शानदार देखना है, उनके लिए भी कई दिलचस्प विकल्प हैं। इस वीक यानी 12 अप्रैल तक ओटीटी पर भी दर्शकों को एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलने वाला है।*

**ओ रोमियो :** शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' भी थिएटर्स के बाद ओटीटी पर दस्तक देने को तैयार है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**तू या मैं :** यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। दर्शक इसे 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**थाई किझावी :** यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। थाई किझावी ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है और इसे 10 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




**यूफोरिया सीजन 3 :** हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।




**थ्रैश :** यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। इस वीक की ओटीटी लिस्ट में यह भी शामिल है। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं। 'थ्रैश' फिल्म 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**स्टार वॉर्स- मॉल - शैडो लॉर्ड :** यह एक साइंस फिक्शन सीरीज है। इसके जरिए दर्शकों के लिए 'डार्थ मॉल' की कहानी रिलीज हो रही है। यह आज सोमवार 06 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। डेव फिलोनी द्वारा निर्मित यह 10 एपिसोड की सीरीज है।




**द बॉयज सीजन 5 :** यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 08 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

## खबर संक्षेप

### 24 कुंडीय गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न



**अकलतरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्राम सोनादुला (अकलतरा) में 24 कुंडीय गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम में उपस्थित यज्ञाचार्यों ने विधिवत मंत्रोच्चार एवं आहुतियों के माध्यम से यज्ञ सम्पन्न कराया तथा सभी परिजनों को यज्ञ के महत्व एवं आध्यात्मिक लाभों से अवगत कराया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने यज्ञ में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा समाज में संस्कार, सद्भाव एवं नैतिक मूल्यों के प्रसार का संकल्प लिया।कार्यक्रम के आयोजन में विजय पटेल ,रमाकांत पटेल समेत समस्त गायत्री परिवार, सोनादुला (अकलतरा) के कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का योगदान रहा।गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ शत्रुघ्न , रामधन , रमाकांत , राजाराम , शिवराम , दिनेश , अजय , परमेश्वर , राजेंद्र , सुखराम , रामकुमार , रामसनेही , नंदकुमार , रामसतन ज, लक्ष्मी श्रीवास , लखेश्वर जी, देवनारायण , सुखसागर , समारु , मुड़ीराम , नंदपाल, संतराम राम यादव , चमार राम , उत्तम , कुदु कुमार , दिवाली राम , श्री कुमार , रामेश्वर , सोभऊ राम , मकर , विजय के यहां किया गया। यज्ञाचार्य के रूप में यज्ञ संपन्न कराने महेश्वर कश्यप, के. बी. साहू , अमित राठौर, रामानुज श्याम, बिहारी ताम्रकार, गोपाल राम, मदन लाल साहू , भुलउ राम साहू , जोधराम साहू जी, रामलाल साहू, पुरन सिंह चौहान, डंकेश्वर प्रसाद साहू , संजय कुमार साहू , त्रियुगी नारायण पटेल , धनसाय यादव , दीपक कुमार साहू , विजय कुमार पटेल , जग्गूराम सिदार, घनश्याम पाटनवर , रमाकांत पटेल , कालेश्वर प्रसाद साहू , राम सनेही पटेल , राजा राम पटेल , राजेंद्र पटेल , अरविंद पटेल जी, दीपक पटेल शामिल रहे। इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत अनेक श्रद्धालु परिजनों के घरों में यज्ञ सम्पन्न कराया गया।

### अकलतरा में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज

**अकलतरा।** पंचदेव मंदिर परिसर मुकीम उद्यान अकलतरा में भवानी जन सेवा समिति अकलतरा एवं एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 8 अप्रैल को सर्व समाज हेतु विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के संयोजक प्रकाश केडिया ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की जाएगी। जांच के पश्चात पात्र मरीजों को समिति की बस के माध्यम से रायपुर ले जाया जाएगा, जहां उनका ऑपरेशन किया जाएगा।

### समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने चंद्रकुमार



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इसी कड़ी में जांजगीर-चांपा जिलाध्यक्ष के पद पर चंद्रकुमार ओग्रे की नियुक्ति की गई है। श्री चंद्रकुमार ने अपनी नियुक्ति को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे वे हरसंभव पूरा करने कोशिश करेंगे।

### भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के अरुण एवं दुष्यंत ने लिया आजीवन सदस्यता



**चांपा।** । स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट बी डी एम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारागांव के सेवानिवृत्त प्राचार्य अरुण कुमार तिवारी एवं कोरबा जिला से सेवानिवृत्त प्रधान पाठक बी डी महंत उपनगर जांजगीर निवासी दुष्यंत नाथ स्वर्णकार ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की रीति नीति से प्रभावित होकर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण किया। सेवानिवृत्त प्राचार्य अरुण तिवारी एवम दुष्यंत नाथ स्वर्णकार ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा के संरक्षक डॉ जी पी दुबे एवं जिला शाखा अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार के समक्ष उपस्थित होकर आजीवन सदस्यता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। तदुपरांत प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव की अनुसंसा पर अरुण कुमार तिवारी एवं दुष्यंत नाथ स्वर्णकार को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का आजीवन सदस्यता प्रदान किया गया। इस अवसर पर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा के संरक्षक डॉ जी पी दुबे एवं अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार द्वारा अरुण तिवारी और दुष्यंत नाथ स्वर्णकार को केसरिया गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला शाखा जांजगीर चांपा के उपाध्यक्ष मनहरण सिंह राजपूत ,ए आर घृत लहरे,आजीवन सदस्य उपेन्द्र धर दीवान द्वारा पुष्पहार पहनाकर एवम संगठन बैच लगाकर स्वागत किया गया। कर्मचारी नेता अरुण कुमार तिवारी एवं दुष्यंत नाथ स्वर्णकार के भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण करने पर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

---

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न योजनाओं पर विस्तार पूर्वक हुई समीक्षा

# पांच वर्ष से एक ही स्थान पर पदस्थ सचिवों के स्थानांतरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में हुई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही ऐसे पंचायत सचिव जो पिछले 5 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं, उन्हें आपसी समन्वय के आधार पर अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए।



जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में चर्चा करते जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, सीईओ व अन्य।

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक मंगलवार 7 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के धान खरीदी, परिवहन, समग्र विकास, पंचायतों की कार्यप्रणाली, निर्माण कार्यों की प्रगति, पेयजल व्यवस्था तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में पूर्व बैठक में पारित प्रस्तावों के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। बैठक में आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए कृषि संबंधी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी की स्थिति, उपार्जन केंद्रों की कार्यप्रणाली, कुल धान खरीदी, पंजीकृत किसानों की संख्या, धान नहीं बेचने वाले किसानों की जानकारी तथा किसानों से खरीदे गए धान के कुल रकबे की समीक्षा की गई। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों से मिलर को भेजे गए धान एवं 31 मार्च तक हुए धान उठाव की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए गांव-गांव में उत्पन्न होने वाले पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। हैंडपंप, नल-जल योजनाओं एवं अन्य जल स्त्रोतों की नियमित जांच एवं मरम्मत पर विशेष जोर दिया गया, ताकि आमजन को निर्बाध जल आपूर्ति मिल सके। बैठक में जिले के समस्त पंचायत सचिवों की जानकारी का विवरण भी प्रस्तुत किया गया, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने कहा। बैठक में ऐसे पंचायत सचिव जो पिछले 5 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं, उन्हें आपसी समन्वय के आधार पर अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मूल गांवों में पदस्थापना नहीं देने के निर्देश दिए है। बैठक में जिले में संचालित उद्योगों एवं उसना राइस मिलों द्वारा पानी के उपयोग की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। सभी उद्योग अपने दैनिक जल उपयोग, पानी के स्त्रोत, बकाया जल बिल तथा बोरवेल/वाटर उपयोग की अनुमति से संबंधित जानकारी निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने कहा। साथ ही जिन संस्थानों द्वारा पानी के बिल का भुगतान नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध वसूली की कार्रवाई की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इस संबंध में 10 अप्रैल को सभी आवश्यक जानकारी से साथ बैठक आहूत करने के निर्देश जल संसाधन विभाग के अधिकारी को दिए गए हैं। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन कुमार जयपुरिया, जिला पंचायत समिति के सभापति एवं सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह क्षत्री, राजकुमार साहू, श्रीमती नेहा साहू श्रीमती संतोषी सिंह रात्रे, श्रीमती प्रीति दिव्य, श्रीमती प्रमिला साहू, महादेव नेताम, श्रीमती उर्मिला यादव, श्रीमती बबीता रात्रे, श्रीमती शशिकला सिंह, श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, सुश्री आशा साव, लोकेश राठौर सहित सांसद प्रतिनिधि विवेका गोपाला, जांजगीर विधायक प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, पामगढ़ विधायक प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह, सक्ती विधायक प्रतिनिधि गुलज़ार सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, प्रभारी उपसंचालक पंचायत पंचराम धृतलहरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# चांपा रेलवे स्टेशन में दो साल से एटीएम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक चांपा जंक्शन इन दिनों यात्रियों की असुविधा का कारण बना हुआ है। यहां स्थापित भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम पिछले लगभग 2 वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे रोजाना हजारों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन, जहां यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, वहीं एटीएम जैसी जरूरी सुविधा का वर्षों से ठप होना रेलवे प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है।

- **एक किलोमीटर दूर जाकर पैसे निकालने यात्री मजबूर**

खासकर ऐसे समय में जब अधिकांश लेन-देन डिजिटल होने के बावजूद नकदी की जरूरत अक्सर यात्रियों को पड़ती है जैसे टिकट, स्थानीय परिवहन, भोजन या आपातकालीन खर्च के लिए।

चांपा जंक्शन रेलवे स्टेशन का हाल ही में कायाकल्प (रिनोवेशन) किया गया, जिससे स्टेशन का स्वरूप तो बदला, लेकिन यात्रियों की मूलभूत जरूरतों की अनदेखी साफ नजर आ रही है। एटीएम मशीन पहले से ही बंद थी और नवीनीकरण के बाद भी इसे चालू नहीं किया गया, जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। स्टेशन परिसर में एटीएम बंद होने के कारण यात्रियों को करीब 1 किलोमीटर दूर शहर के अन्य एटीएम तक जाना पड़ता है। अपरिचित यात्रियों, बुजुर्गों, महिलाओं और रात में यात्रा करने वालों के लिए यह स्थिति और भी अधिक कठिन और असुरक्षित हो जाती है। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का तत्काल समाधान किया जाए और बंद पड़े एटीएम को जल्द से जल्द चालू किया जाए। साथ ही स्टेशन पर अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समीक्षा कर उन्हें दुरुस्त किया जाए। चांपा जंक्शन जैसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर एटीएम जैसी बुनियादी सुविधा का वर्षों तक बंद रहना न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है, बल्कि यह यात्रियों की सुविधा के साथ सीधा खिलवाड़ है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह समस्या और भी गंभीर रूप ले सकती है। रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए तत्काल एटीएम चालू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए, ताकि यात्रियों को होने वाले असुविधा को सुविधा मिल सके।

---

## स्वास्थ्य सुविधाएं सभी तक समान रूप से पहुंचे : शीलू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर जयदीप गर्ग तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर मनोज कुमार

- **विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन**

कुशवाहा के निर्देशानुसार व न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ श्रीमती शीलू केसरी के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय परिसर पामगढ़ में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।





शिविर में उपचार कराते लोग।

इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट पामगढ़ श्रीमती शीलू केसरी के द्वारा स्वास्थ्य दिवस मनाने के उद्देश्य के संबंध में जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूकता लाने तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को सभी लोगों तक समान पहुंच सुनिश्चित करने कहा । इसके साथ ही साथ 9 मई को होने वाले लोक अदालत एवं अन्य कानूनी जानकारी दीं । पीएलव्ही गजानंद प्रसाद कश्यप ने स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम स्वास्थ्य के लिए एकजुट , विज्ञान के साथ खड़े रहें। विषय पर जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग पामगढ़ से डॉक्टर चेतन कौशिक, डॉक्टर पूनम यादव, मयूरी नाग, संगीता नेताम की चिरायु टीम ने लोगों के बीपी शुगर की जांच करने के साथ ही साथ अन्य तकलीफों के लिए भी दवाइयां वितरित की। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं के साथ-साथ तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ के अधिकारी, कर्मचारीगण मनोज कुमार जायसवाल, व्यास नारायण राठौर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, आनंद कुमार कश्यप, सुश्री श्रद्धा गुप्ता,श्रीमती रुबीना चेलक, कृष्ण कुमार साहू, सुरेंद्र कुमार बर्मन, शिवा बंजारे, सरोज कुमार साहू, प्रदीप पटेल, धनेश्वर सिदार, अनुज कुर्रे एवं पैरालिगल वालेंटियर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी सहित पक्षकारगण उपस्थित रहे।

---

## भाजपा ने दो सीटों से यात्रा शुरू कर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने का प्राप्त किया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला भाजपा कार्यालय में 6 अप्रैल को हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं के द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा ध्वजारोहण कार्यालय में किया गया। उसके पश्चात भारत माता एवं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर उनका स्मरण किया गया।

- **भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास व उत्साह से मनाया गया स्थापना दिवस**



उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े एवं अन्य।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने की। वरिष्ठ पदाधिकारियों के स्वागत समारोह के बाद वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा भाजपा पार्टी के इतिहास एवं पार्टी की स्थापना करने वाले पुरोधाओं को उनके संघर्षों को याद किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ने अपने उद्बोधन में बताया कैसे 1980 में भाजपा का पहला अधिवेशन बॉम्बे में हुआ था, कैसे पार्टी ने संघर्ष करके 2 लोकसभा सीट से 300 सीट का आंकड़ा पार किया, कितना संघर्ष करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि बॉम्बे में हुआ पहले अधिवेशन में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था अंधेरा छटेगा , सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश रूपवानी ने बताया फिरोजशाह कोटला मैदान में 1980 में भाजपा की प्रथम नींव रखी गई थी। जिसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई थे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नंद चौधरी ने किया। कार्यक्रम में चुन्नीलाल साहू, अमर सुलतानिया, सत्यलत मिरी, रजनी साहू, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, गुरुदयाल पाटले, रवि पाण्डेय, रेखा गढ़वाल, जितेंद्र देवांगन, अमन प्रताप सिंह, नंदनी राजवाड़े, प्रियंका सिंह, आनंद मिरी, आशु गोस्वामी, पंकज अग्रवाल,धनंजय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, नरेंद्र कौशिक, आकाश सिंह, संतोषी सिंह, मनोज अग्रवाल,हितेश यादव सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ (संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह) की मासिक बैठक रविवार 5 अप्रैल को मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारागांव में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष नंद कुमार राठौर ने की।



बैठक में उपस्थित छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के पदाधिकारी।

बैठक में संघ की आगामी कार्ययोजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने और नए सदस्यों को जोड़ने की प्रक्रिया पर चर्चा की। कार्यवाहक अध्यक्ष नंद कुमार राठौर द्वारा प्रांतीय निकाय से प्राप्त नवीन निर्देशों एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी साझा की गई, ताकि स्थानीय स्तर पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोकुल दास वैष्णव, बालगोविंद श्रीवास, दासव प्रसाद गुप्ता, गेंदराम डडसेना, अघोरी राम साहू, घनश्याम यादव, रामकुमार राठौर, शिवचरण लाल कर्ष और रामकृष्ण राठौर, वेदप्रसाद राठौर, पंडित काशी प्रसाद शर्मा, जय कुमार राठौर, जय प्रकाश राठौर,भगवान प्रसाद बानी, गौरी शंकर राठौर, दुजराम पाटले, रामप्रसाद राठौर, समारू दास महंत, अनंद राम देवांगन सहित संघ के वरिष्ठ सदस्य एवं पेंशनभोगी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के अंत में पेंशनरों के हितों की रक्षा करने और संघ को और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया गया।

---

## भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला चरित्र का किया मनमोहक वर्णन

**अकलतरा।** ग्राम कोटमी सोनार बाजार पारा में मां महामाया कीर्तन मंडली के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पंचम दिवस कथा व्यास डॉ. दुर्गाप्रसाद चतुर्वेदी ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला चरित्र तथा रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा में बताया गया कि बाल्यकाल में भगवान श्रीकृष्ण ने माखन चोरी, पूतना वध, कालिया नाग दमन जैसी अनेक दिव्य लीलाएं कर भक्तों की रक्षा की और धर्म की स्थापना का संदेश दिया। वहीं रुक्मिणी विवाह प्रसंग में बताया गया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मानकर उनका स्मरण करती थीं। रुक्मिणी के आग्रह पर भगवान श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर विवाह किया, जो सच्चे प्रेम, आस्था और धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है। श्रीमद्भागवत कथा में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े शामिल हुईं एवं व्यास पीठ में आचार्य जी आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी सत्यलता आनंद प्रकाश मीरी, भाजपा ग्रामीण मंडल अकलतरा के महामंत्री सुबोध थवाईत, लखेश्वर पटेल, श्रीमती रमा मिरी, ललित सोनी, ईश्वर बारमते, अभय शुक्ला ,कृष्कुमार साहू,संजय पटेल,राहुल,सूरज कुमार सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



ब्यास आचार्य को श्रीफल भेंट करती सांसद कमलेश जांगड़े एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी।

---

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने दिए निर्देश

# सभी घरों तक उपलब्ध कराए शुद्ध पेयजल, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री तोपनो ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

उन्होंने हर घर जल प्रमाणीकरण को समयबद्ध और सही तरीके से पूर्ण करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी पात्र घरों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों में लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, गुणवत्ता बनाए रखते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग अंतर्गत जाति प्रमाण पत्र, आधार एमबीयू एवं पीएम श्री योजना की प्रगति की समीक्षा कर इन्हें प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करने और शत-प्रतिशत लक्ष्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने विद्युत विभाग की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को योजना का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी सहित अन्य कार्यो की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति सहित अन्य आवश्यक कार्यो की विस्तारपूर्वक जानकारी ली तथा विभिन्न विभाग अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा तहसीलवार विवादित नामंतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, आधार प्रविष्टि सहित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

